महापौर के हाथो डिजनी लैण्ड मेला 2012 उद्‌घाटित

कोरबा 22 अप्रैल 2012:– महापौर श्री लाम्बा ने आज बुधवारी बाजार महाराणा प्रताप चौक पर स्थित मैदान में डिजनीलैण्ड मेला 2012 का उद्‌घाटन किया तथा निगम के जनप्रतिनिधियों ,पार्षदो के साथ मेले का भ्रमण कर वहॉं पर आयोजको द्वारा उपलब्ध कराई गई मनोरंजक सुविधाओं का अवलोकन किया ।

बुधवारी बाजार के समीप महाराणा प्रताप चौक स्थित मैदान में आयोजको द्वारा डिजनीलैण्ड मेला 2012 का भव्य आयोजन किया गया है ,जहॉं पर नागरिको के मनोरंजन हेतु विभिन्न सुविधाएं ,झूले तथा अन्य साजो सामान की उपलब्धता कराई गई है ,महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यों ,पार्षदो एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर उक्त मेंले का विधिवत उद्‌घाटन किया ,इस मौके पर उन्होने संपूर्ण मेला परिसर का भ्रमण कर अवलोकन किया तथा आयोजको को पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मेला के संचालन के निर्देश दिए ।